# PROGRAM OUTCOME
# Department of Hindi

**#** कार्यक्रम अधिगम परिणाम :

स्नातक हिंदी (प्रतिष्ठा) कार्यक्रम से संबद्ध अधिगम परिणाम इस प्रकार है -

**1.** साहित्य संप्रेषण के आधार बिंदुओं की जानकारी देना ताकि साहित्य के संबंध में एक स्पष्ट समझ विकसित हो सके।

**2.** हिंदी साहित्य और भाषा का व्यवस्थित और तर्कसंगत ज्ञान कराना ताकि उसके सैद्धांतिक पक्ष और साहित्यिक विकास के संबंध में पर्याप्त जानकारी मिल सके।

**3.** साहित्य की विभिन्न विधाओं को पढ़ने और समझने की योग्यता का विकास करना।

**4.** साहित्य लेखन की विविध शैली और समीक्षात्मक दृष्टि का विकास करना।

**5.** स्थानीय, राष्ट्रीय और वैश्विक सांस्कृतिकता के वृहद संजाल के बारे में जानकारी देना ताकि विद्यार्थी में साहित्यिक मूल्यांकन की योग्यता विकसित हो सके।

**6.** समीक्षात्मक दृष्टि और व्यवस्थित वैचारिकी का प्रदर्शन करना जिससे कि हिंदी साहित्य के अध्ययन के प्रति जिज्ञासा और प्रश्न उत्पन्न हो सके।

**7.** आधुनिक संदर्भों में तकनीकी संसाधनों को इस्तेमाल करते हुए हिंदी साहित्य की जानकारी देना।

**8.** प्रत्येक स्तर पर जीवन मूल्यों और साहित्यिक मूल्यों का निर्धारण करने की क्षमता और ज्ञान का विकास करना।

**9.** विद्यार्थी में लेखन, वाचन और श्रवण के साथ-साथ कल्पनाशक्ति का विकास करना जिससे कि उसके समग्र व्यक्तित्व में निखार आ सके।

**10.** साहित्य के अध्ययन के बाद रोजगार के विभिन्न क्षेत्रों की पहचान करते हुए रोजगार के नए मार्ग तलाशना।

**11.** वर्तमान युग सूचना क्रांति का युग है जिसमें अभिव्यक्ति की प्रधानता है ऐसे में तकनीक के विकास ने साहित्य संचरण को अत्यंत सुगम बना दिया है इसी के परिप्रेक्ष्य में हिंदी साहित्य लेखन और अनुवाद का मंच प्रदान करना जिसका उपयोग कर जनसंचार से लेकर व्यक्तित्व विकास तक में विद्यार्थी निष्णात हो सके। विद्यार्थी की रुचियों को एक व्यवस्थित रूप देना और उन्हें विभिन्न विधाओं में से चयन की स्वतंत्रता प्रदान करना ताकि वे स्नातक कार्यक्रम के पूर्ण होने के बाद खुद ही साहित्य के विभिन्न क्षेत्रों में से अपनी रुचि के अनुसार चयन कर सकें।

**12.** भारत के साहित्यिक, सांस्कृतिक और भाषाई विविधता को जानने के प्रति जागरुकता पैदा करना भी हिंदी साहित्य के अध्ययन का प्रमुख उद्देश्य है।

**# Programme Learning Outcomes**

**The learning results related to the Graduate Hindi (Hons.) Programme are as follows-**

**1. To provide information on the basic points of literary communication so that a clear understanding regarding literature can be developed.**

**2. To provide systematic and rational knowledge of Hindi literature and language so that adequate information can be obtained regarding its theoretical aspect and literary development.**

**3. To develop the ability to read and understand different genres of literature.**

**4. To develop various styles of literary writing and critical perspective.**

**5. To provide information about the vast network of local, national and global cultures so that the student may develop the ability of literary evaluation.**

**6. To demonstrate a comprehensive vision and systematic thinking so that curiosity and questions may be generated towards the study of Hindi literature.**

**7. To provide information about Hindi literature using technical resources in modern context.**

**8. To develop the ability and knowledge to determine life values and literary values at every stage.**

**9. To develop imagination along with writing, reading and listening skills of the student so that their overall personality can be enhanced.**

**10. To find new avenues of employment by identifying various areas of employment after studying the literature.**

**11. The present age is the age of information revolution in which expression is paramount. In such a situation, the development of technology has made the transmission of literature very easy. In this context, providing a platform for Hindi literature writing and translation using which students can become proficient in everything from mass communication to personality development. Giving a systematic form to the interests of students and giving them the freedom to choose from various genres so that after the completion of the graduation program, they can themselves choose from various fields of literature according to their interest.**

**12. Creating awareness about the literary, cultural and linguistic diversity of India is also a major objective of the study of Hindi literature.**

# COURSE OUTCOME

## Department of Hindi

1st SEM

## आदिकालीन एवं मध्यकालीन हिंदी कविता (HIN-H-CC-1-TH)

❖ पाठ्यक्रम परिणाम:

1) विद्यार्थी 11वीं शताब्दी से 19वीं शताब्दी के मध्य के सामाजिक, सांस्कृतिक राजनीतिक संदर्भों का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।
2) तत्कालीन काव्य एवं कविता के हिंदी साहित्य के प्रारंभिक और विकासात्मक स्वरूप से परिचित हो सकेंगे।
3) हिंदी साहित्य के साहित्यकारों और उनकी रचनाओं के बारे में जान सकेंगे।
4) हिंदी के भावगत, भाषागत और शैलीगत विकास से परिचित हो सकेंगे।
5) इस काल के साहित्यकार और उनकी रचनाओं से वे परिचित हो सकेंगे।
6) इस काल के साहित्य का भावात्मक और राजसत्तात्मक प्रभाव ज्ञान प्राप्त होगा।
7) इससे सृजन के काव्य रूप का ज्ञान प्राप्त होगा।
8) इससे साहित्य सृजन के आधार हिंदी भाषा और मौलिक स्वरूप का ज्ञान प्राप्त होगा।

❖ Course Outcome:

i. Students will gain knowledge of the social, cultural, and political contexts from the 11th century to the mid-19th century.
ii. They will become familiar with the early and developmental forms of Hindi literature, including the poetry and compositions of that era.
iii. They will learn about the writers of Hindi literature and their works.
iv. They will understand the thematic, linguistic, and stylistic development of Hindi.
v. They will get acquainted with the authors and their works from this period.
vi. They will gain knowledge of the emotional and political influences of the literature of this era.
vii. They will acquire knowledge of the poetic forms of creation from this period.
viii. They will understand the foundations of the Hindi language and its original form as a basis for literary creation.

## कार्यालयी हिंदी (HIN-H-IDC-1/2/3-1-TH)

❖ पाठ्यक्रम परिणाम:

1) छात्र कार्यालयी हिंदी के स्वरुप से परिचित होकर कार्यालय में हिंदी के प्रयोग में सक्षम हो सकेंगे।
2) ज्ञान-विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में प्रयुक्त होने वाली पारिभाषिक शब्दावली का ज्ञान उनके हिंदी कौशल संवर्द्धन में सहायक होगा।

❖ Course Outcome:

i. Students will be able to use Hindi in the office by becoming familiar with the form of official Hindi.
ii. Knowledge of technical terminology used in various fields of knowledge and science will be helpful in enhancing their Hindi skills.

## लोक साहित्य (HIN-H-SEC-1-TH)

❖ पाठ्यक्रम परिणाम:

1) विद्यार्थी वर्तमान वैश्वीकरण के युग में अपने अंचल विशेष के प्रभावी रूप से लेकर वैश्विक संदर्भ से जुड़ सकेंगे।
2) विद्यार्थियों को लोक साहित्य की भाव गंभीरता, सांस्कृतिक रूप और सहज अभिव्यक्ति का परिचय प्राप्त हो सकेगा।

❖ Course Outcome:

i. Students will be able to effectively connect their specific region with the global context in the current era of globalization.
ii. Students will be able to get introduced to the emotional depth, cultural form and spontaneous expression of folk literature.

2nd SEM

## आधुनिक हिंदी कविता (छायावाद तक) HIN-H-CC-2-TH

❖ पाठ्यक्रम परिणाम:

1) इस पत्र में तीन खंड होंगे-भारतेंदु युगीन कविता, द्विवेदी युगीन कविता और छायावादी कविता। इस प्रकार 20वीं शताब्दी की शुरुआत के कुछ पूर्व से ही इस पाठ में विद्यार्थियों को कविता के स्वरूप का ज्ञान होगा। छायावादी कविता के काल तक आते-आते कविता की भाषा-शिल्प और संवेदना के क्रमिक विकास को विद्यार्थी जान सकेंगे।
2) भारतेंदु युग से छायावाद तक के काल की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक स्थितियों एवं परिवेश से विद्यार्थी परिचित हो सकेंगे।
3) तत्कालीन राजनीति, सांस्कृतिक आंदोलनों एवं उनके साहित्यिक रूपान्तरण के बारे में जान सकेंगे।
4) राष्ट्रीय नवजागरण के परिदृश्य से परिचित हो सकेंगे।
5) ब्रजभाषा से क्रमशः खड़ी बोली के कविता भाषा बनने और निखरने के इतिहास से परिचित हो सकेंगे।
6) छायावादी काव्य संवेदना और अभिव्यक्ति सौंदर्य से परिचित हो सकेंगे।
7) आख्यानों की आधुनिकता से अवगत होंगे।

❖ Course Outcome:

i. This lesson will have three sections- Bharatendu era poetry, Dwivedi era poetry and Chhayavadi poetry. Thus, in this lesson, students will get to know the form of poetry from sometime before the beginning of the 20th century. By the time they reach the period of Chhayavadi poetry, students will be able to know the gradual development of the language, craft and sensibility of poetry.
ii. Students will be able to become familiar with the social, economic, political and cultural conditions and environment from the Bharatendu era to Chhayavaad.
iii. Students will be able to know about the contemporary politics, cultural movements and their literary transformations.
iv. Students be able to get acquainted with the scenario of national renaissance.
v. Students will be able to get acquainted with the history of the formation and development of Khariboli poetry language from Braj Bhasha.
vi. Students will be able to become familiar with the Chhayavadi poetic sensibility and beauty of expression.
vii. Students will be aware of the modernity of the narratives.

## डिजिटल साक्षरता (HIN-H-SEC-2-TH)

❖ पाठ्यक्रम परिणाम:

1) विद्यार्थी कंप्यूटर पर देवनागरी लिपि में टाइप करना सीख सकेंगे
2) हिंदी में वेब पेज बनाना सीख सकेंगे
3) हिंदी में ई मेल पर संदेश भेजना सीख सकेंगे
4) डेस्कटॉप पब्लिशिंग की जानकारी और अन्य फान्ट से परिचित हो सकेंगे
5) विद्यार्थियों को हिंदी साफ्टवेयर का परिचय मिलेगा
6) ऑनलाइन पत्र पत्रिकाओं की जानकारी मिलेगी

❖ Course Outcome:

i. Students will be able to learn to type in Devanagari script on computer.
ii. Students will be able to learn to create web pages in Hindi.
iii. Students will be able to learn how to send e-mail in Hindi.
iv. Students will be able to learn about desktop publishing and will get the information about other fonts
v. Students will get introduction to Hindi Software
vi. Students will get information about online newspapers and magazines

## 3rd SEM

## आधुनिक हिंदी कविता (छायावादोत्तर) HIN-H-CC-3-3-TH

❖ पाठ्यक्रम परिणाम:

1) उत्तर छायावाद युग की सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक एवं राजनीतिक परिस्थितियों एवं विसंगतियों से उपजे काव्यान्दोलनों से विद्यार्थी परिचित हो सकेंगे।
2) प्रगतिशील चेतना का वैचारिक आधार और अभिप्राय स्पष्ट रूप से जान सकेंगे।
3) इतिहास दृष्टि और लोकजीवन तथा प्रकृति से कविता के सरोकार को रेखांकित कर सकेंगे।
4) प्रयोगवादी काव्य की रचनात्मक प्राथमिकताओं, भावबोध और भाषा को समझ सकेंगे।
5) समसामयिक कविता के युगबोध को वस्तुगत, सामाजिक, आर्थिक, दार्शनिक पक्षों सहित समझ सकेंगे।
6) वैश्वीकरण और भूमण्डलीकरण के परिप्रेक्ष्य और चुनौतियों को समझने का आधार मिलेगा।

7) पर्यावरण संबंधी रचनाओं से विद्यार्थी अवगत हो सकेंगे।
8) आख्यानों की आधुनिकता से विद्यार्थी परिचित हो सकेंगे।

❖ Course Outcome:

i. Students will be able to become familiar with the poetry movements that arose from the social, cultural, economic and political conditions and inconsistencies of the post-Chhayavaad era.
ii. Students will be able to clearly know the ideological basis and intention of progressive consciousness.
iii. Students will be able to underline the poem's concern with historical perspective and folk life and nature.
iv. Students will be able to understand the creative priorities, emotions and language of experimental poetry.
v. Students will be able to understand the zeitgeist of contemporary poetry along with its objective socio-economic perspective.
vi. Students will get the basis to understand the perspective and challenges of globalisation.
vii. Students will be able to become aware of environment related creations.
viii. Students will be able to become familiar with the modernity of the narratives.

## भाषा विज्ञान एवं हिंदी भाषा HIN-H-CC-3-4-TH

❖ पाठ्यक्रम परिणाम:

1) विद्यार्थियों को भाषा के स्वरूप और महत्त्व का ज्ञान प्राप्त होगा।
2) विद्यार्थी भारत को एक सूत्र में बाँधनेवाली हिंदी भाषा की विविध बोलियों से परिचित हो सकेंगे।
3) विद्यार्थियों को हिंदी भाषा की शारीरिक इकाइयों दृश्य, ध्वनि, शब्द, वाक्य आदि का ज्ञान प्राप्त हो सकेगा।
4) हिंदी के अर्थ-विकास की जानकारी प्राप्त हो सकेगी।
5) वैज्ञानिक और उपयोगी लिपि 'नागरी' का अपेक्षित ज्ञान प्राप्त होगा।

❖ Course Outcome:

i. Students will gain knowledge about the nature and importance of language.
ii. Students will be able to become familiar with the various dialects of the Hindi language which binds India together.

iii. Students will be able to gain knowledge of the physical units of Hindi language like sight, sound, word, sentence etc.
iv. Students will get information about the development of meaning of Hindi.
v. Students will get the required knowledge of the scientific and useful script 'Nagari'.

## दृश्य-श्रव्य माध्यम लेखन HIN-H-SEC-3-3-TH

❖ पाठ्यक्रम परिणाम:

1) मीडिया के विविध रूपों से परिचित होने पर छात्र मीडिया के क्षेत्र में रोज़गार के नये अवसर तलाश सकेंगे।
2) मीडिया लेखन के विविध आयाम छात्रों की सृजनात्मक क्षमता को विकसित करने के अवसर प्रदान करेंगे।
3) विज्ञापन लेखन छात्रो को विज्ञापन की संदेश रचना में दक्षकर विज्ञापन एजेंसियों में छात्रों के रोज़गार की संभावनाओं को बढ़ायेगा।
4) मीडिया की भाषा के विविधरूपों की समझ छात्रो को भाषा की शक्ति और सामर्थ्य से परिचित करायेगी।
5) न्यूमीडिया की सही समझ छात्रों को समाज के साथ सकारात्मक संवाद स्थापित करने की दिशा में प्रवृत्त कर सकेगी।

❖ Course Outcome:

i. By becoming familiar with various forms of media, students will be able to explore new employment opportunities in the field of media.
ii. Various dimensions of media writing will provide opportunities to develop the creative abilities of students.
iii. Advertisement Writing will enhance the employment prospects of students in advertising agencies by making them proficient in creating advertising messages.
iv. Understanding the various forms of media language will familiarise students with the power and potential of language.
v. Correct understanding of new media will enable students to establish positive dialogue with the society.

## हिंदी व्याकरण रचना एवं कविताएं HIN-H-AEC-3-1-TH

❖ पाठ्यक्रम परिणाम:

1) छात्र रोज़गार के सरकारी तथा गैरसरकारी क्षेत्रो के लिए हिंदी के प्रयोग में दीक्षित हो सकेंगे।
2) हिंदी भाषा और उस के विविध प्रयोगों की जानकारी प्राप्त कर छात्र राजभाषा हिंदी के संवर्द्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगे।
3) छात्र हिंदी के वैशिष्ट्य को समझ सकेंगे।
4) छात्र कामकाज में सक्षम हो सकेंगे।
5) छात्रों में अनुवाद कार्य की समझ और अनुवाद कार्य करने की क्षमता विकसित हो सकेगी।
6) छात्रों में भाषा का मौखिक और लिखित कौशल संवर्धन हो सकेगा।

## ❖ Course Outcome:

i. Students will be able to learn the use of Hindi for government and non-government sectors of employment.
ii. By gaining knowledge of Hindi language and its various uses, students will be able to play an important role in the promotion of official language Hindi.
iii. Students will be able to understand the special features of Hindi.
iv. Students will be able to work efficiently.
v. Students will be able to develop an understanding of translation work and the ability to do translation work.
vi. Students will be able to develop oral and written language skills.